10वां संशोधित एवं परिमार्जित संस्करण

भारतीय इतिहास

अति-विशिष्ट

30,000

परीक्षोपयोगी बिन्दु

प्रधान संपादक
आनन्द कुमार महाजन
संपादक
प्रदीप कुमार सिंह
(UPPCS में चयनित)
संपादकीय कार्यालय
यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स
12, चर्च लेन, इलाहाबाद-2
फोन्स : 2466803, 2465650

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
सभी विवाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधीन तय होंगे।

मूल्य : 195/- रुपये

अनुक्रमणिका

भारतीय इतिहास : एक नजर

- प्रमुख भारतीय राजवंश एवं उनकी वंशावली ..... iii-iv
- इतिहास का वर्गीकरण v
- सैंधवकालीन समय निर्धारण v
- वैदिक कालीन शब्द vi
- वेदांग, पुराण एवं स्मृतियां vii
- प्राचीन नदियों और उनके वर्तमान रूप vii
- कला के प्राचीन स्कूल vii
- महाजनपद viii
- संगमकालीन अधिकारी एवं प्रशासनिक इकाइयां ix
- दक्षिण भारत की विभिन्न समाधियां ix
- धार्मिक आंदोलन : जैन, बौद्ध, भागवत धर्म xi
- अशोक कालीन शिलालेख : एक नजर 2
- शुंग एवं सातवाहन वंश 3
- गुप्तकालीन शब्दावली : एक नजर 4
- चोल प्रशासन : शब्दावलियां 5
- भारत में प्रचलित संवत् 6
- दिल्ली सल्तनत : एक नजर 8
- विजय नगर साम्राज्य : एक नजर 9
- भारत में सूफी सिलसिले : एक नजर 10
- मुगल साम्राज्य : एक नजर 11
- मुगलकालीन इमारतें : एक नजर 11
- सिख गुरू एवं सिख मिसलें 12
- बंगाल के नवाब एवं गवर्नर जनरल 12
- गोलमेज सम्मेलन 13
- प्रमुख विद्रोह एवं आंदोलन : एक नजर 14
- स्वाधीनता सेनानियों के प्रमुख नारे 16

प्राचीन भारत का इतिहास

- प्रागैतिहासिक काल 19-26
- प्राचीन इतिहास के स्रोत 27-31
- सैन्धव सभ्यता 32-44
- वैदिक संस्कृति 45-56
- महाकाव्य काल 57-60
- संगम युग 61-65
- धार्मिक आंदोलन (जैन धर्म, बौद्ध धर्म) 66-67
- भागवत सम्प्रदाय एवं ब्राह्मण सम्प्रदाय 78-87
- मौर्य साम्राज्य 88-101
- पूर्व गुप्तकालीन राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दशा 102-109
- गुप्तकाल 110-122
- गुप्तोत्तर कालीन आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति, वर्धन वंश 123-127
- सन् 800-1200 की राजनीतिक तथा सामाजिक दशा 128-134
- चोल वंश 135-146

मध्यकालीन भारत का इतिहास

- मध्ययुगीन भारतीय इतिहास के स्रोत 147-148
- दिल्ली सल्तनत : प्रशासन व कृषि दशा 149-191
- प्रान्तीय राजवंश ; विजय नगर साम्राज्य 192-200
- भारतीय इस्लामी संस्कृति : 15वीं तथा 16वीं शताब्दी के धार्मिक आंदोलन 201-206
- मुगल साम्राज्य (1526-1707) : मुगल राज व्यवस्था, कृषि भूमि संबंध, मुगलकालीन कला तथा स्थापत्य कला एवं संस्कृति 207-262
- यूरोपीय वाणिज्य का प्रारंभ 263-278
- मराठा राज्य तथा राज्य संघ 279-294

आधुनिक भारत एवं भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन

- मुगल साम्राज्य का पतन, स्वायत्त राज्य बंगाल, मैसूर और पंजाब के विशेष संदर्भ में 296-304
- कम्पनी के अधीन संविधान का विकास 305-335
- 1857 का विद्रोह तथा ब्रिटिश शासन के विरुद्ध भारत में ब्रिटिश राज्य का आर्थिक प्रभाव 336-350
- साभाजिक तथा सांस्कृतिक जागृति, निम्न जाति मजदूर संघ तथा किसान आंदोलन 351-388
- स्वतंत्रता संग्राम 389-408
- भारत की स्वतंत्रता से 1964 ई. तक का इतिहास 409-414
- संसदीय पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य एवं भारत का संविधान (1950 तक) 415-420
- पं. जवाहर लाल नेहरू का विकासवादी समाजवाद, नेहरू का आर्थिक दर्शन, नेहरू और औद्योगिकवाद, ... 421-424
  नेहरू और गुटनिरपेक्षता, नेहरू की विदेश नीति एवं पंचशील सिद्धान्त, नेहरू की लोकतांत्रिक प्रणाली
- भारत-चीन सीमा विवाद 425-428

विविधा

- प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति एवं उपनाम/उपाधि 429-430
- प्रमुख परीक्षोपयोगी संदर्भित कथन 431-436
  - प्राचीन भारत 431-432
  - मध्यकालीन भारत 432-433
  - आधुनिक भारत 434-436

प्रमुख भारतीय राजवंश एवं उनकी वंशावली

हर्यक वंश

- बिम्बिसार(544-493ई०पू०)→अजातशत्रु(493-462ई०पू०)→उदायी→अनुरूद्ध→मुण्ड→नागदासक

शिशुनाग वंश

- शिशुनाग→कालाशोक

नन्द वंश

- महापद्मनन्द(357-329ई०पू०)→पण्डुक→पण्डुगति→भूतपाल→राष्ट्रपाल→गौविषाणक→दशसिद्धक→कैवर्त→धनानन्द

मौर्यवंश

- चन्द्रगुप्त (322-298 ई० पू०) → बिन्दुसार (298-273 ई० पू०) → अशोक (269-232ई०पू०)→कुणाल→दशरथ→सम्प्रति→शालिशुक→देववर्मन→शतधनुष→बृहद्रथ(184ई०पू०)

शुंग वंश

- पुष्यमित्र (184-148ई०पू०)→अग्निमित्र→वसुज्येष्ठ→वसुमित्र→आन्ध्रक→पुलिण्डक→घोष→वज्रमित्र→भाग→देवभूति(72ई०पू०)

कण्व वंश

- वसुमित्र(72-63ई०पू०)→भूमिमित्र(63-49ई०पू०)→नारायण(49ई०पू०)→सुशर्मा(37-27ई०पू०)

कुषाण वंश

- कुजुलकेडफिसेस→विमकैडफिसेस→कनिष्क(78ई०पू०)→वासिष्क→हुविष्क→वासुदेव

सातवाहन वंश

- सिमुक→कृष्णा(कान्ह)→सातकर्णी→पूर्णोत्संग→श्रीसातकर्णी→लम्बोदर→आपालक→मेघस्वाति→स्कन्दस्वाति→मृगेन्द्रसातकर्णी→कुन्तलसातकर्णी→सातकर्णी-II→पुलुमावीप्रथम(पुलोमाप्रथम)→अरिष्टकर्ण→हाल→मन्दालक→पुरीन्द्रसेन→सुन्दरसातकर्णी→चकोरसातकर्णी→शिवस्वाति→गौतमीपुत्र→पुलुमावी द्वितीय(पुलोमा द्वितीय)→श्री सातकर्णी→शिव श्री→शिवस्कन्द सातकर्णी→श्रीयज्ञसातकर्णी→श्रीविजय→श्रीचन्द्रसातकर्णी→पुलुमावीतृतीय(पुलोमातृतीय)

गुप्त वंश

- श्रीगुप्त(275-300ई०)→घटोत्कच(300-319ई०)→चन्द्रगुप्तI(319-324ई०)

  काच(324ई०)   रामगुप्त(375-380ई)   स्कन्दगुप्त(455-467ई०)

  → ↗   ↗   ↑

  समुद्रगुप्त(335-375ई०) →चन्द्रगुप्तII(380-414ई०)→कुमारगुप्तप्रथम(414-455ई०)→स्कन्दगुप्त(455-467ई०)→ पुरूगुप्त(467-473ई०) कुमारगुप्तII(473-476ई०)→बुद्धगुप्त(476-495इ०)→वैन्यगुप्त(495-497ई०)→भानुगुप्त→नरसिंहगुप्त बालादित्य→कुमारगुप्त III→विष्णु गुप्त(550ई०)

वर्धन वंश

- नरवर्धन→राज्यवर्धन(प्रथम)→आदित्यवर्धन→प्रभाकरवर्धन(600-606ई०) राज्यवर्धनद्वितीय(606ई०)हर्षवर्धन(606-648ई०)

पल्लव वंश

- सिंहविष्णु(575-600ई०)→महेन्द्रवर्मन-I(600-630ई०)→नरसिंहवर्मन-I(630-668ई०)→महेन्द्रवर्मन-II(668-670ई०)→परमेश्वरवर्मन-I(670-680ई०)→नरसिंहवर्मन-II(680-720ई०)→परमेश्वरवर्मन-II(720-731ई०)→नन्दिवर्मन-II(731-795ई०)→दन्तिवर्मन(795-845ई०)→नन्दिवर्मन-III(845-866ई०)→तुंगवर्मन(866-879ई०)→अपराजितवर्मन(879-897ई०)→नन्दिवर्मन-IV→कम्पवर्मन

राष्ट्रकूट वंश

- दन्तिदुर्ग(752ई०)→कृष्ण I→ध्रुव(779-793ई०)→गोविन्द-III(793-814ई०)→अमोघवर्ष-I(814-878ई०)→कृष्ण-II(878-914ई०)→इन्द्र-III(914-927ई०)→गोविन्द-IV(927-936ई०)→अमोघवर्ष-II(936-939ई०)→कृष्ण-III(939-967ई०)→खोटिख

वातापी (बादामी) का चालुक्य वंश

- जयसिंह→रणराग→पुलकेशिन-I(550-566ई०)→कीर्तिवर्मन-I(566-597ई०)→मंगलेश(597-609ई०)→पुलकेशिन-II(609-642ई०)→विक्रमादित्य-I(654-680ई०)→विनयादित्य(680-696ई०)→विजयादित्य(696-733ई०)→विक्रमादित्य-II(733-745ई०)→कीर्तिवर्मन-II

गुर्जर-प्रतिहार वंश

- नागभट्ट I (उज्जैन शाखा का संस्थापक)→ककुस्थ→देवराज→वत्सराज(775-800ई०)→नागभट्ट II(800-833ई०)→रामभद्र(833-836ई०)→भोज(836ई०-885ई०)→महेन्द्रपालI(885-910ई०)→भोजII(910-912ई०)→महीपाल I(912-945ई०)→महेन्द्रपाल II(945-948ई०)→देवपाल(948-950ई०)→विनायकपाल→महीपाल II→विजयपाल→राज्यपाल→त्रिलोचनपाल→यशपाल

कल्याणी का चालुक्य वंश

- तैलप-II(संस्थापक)→सत्याश्रय(997-1008ई०)→विक्रमादित्य-V(1008-1014ई०)→अय्यन(1014-1015ई०)→जयसिंह-II(1015-1043ई०)→सोमेश्वर-I(1043-1068ई०)→सोमेश्वर-II(1068-1076ई०)→विक्रमादित्य-VI(1076-1126ई०)→सोमेश्वर-III(1126-1138ई०) जगदेकमल्ल-II(1138-1151ई०)→तैल-III(1151-1156ई०)→सोमेश्वर-IV

पालवंश

- गोपाल(संस्थापक)(750-770ई०)→धर्मपाल-(770-810ई०)→देवपाल(810-850ई०)→विग्रहपालI(850-854ई०)→नारायणपाल(854-915ई०)→राज्यपाल(915-940ई०)→गोपालII(940-960ई०)→विग्रहपालII(960-988ई०)→महीपालI(988-1038ई०)→नयपाल(1038-1055ई०)→विग्रहपालIII(1055-1070ई०)→महीपालII(1070-1075ई०)→रामपाल(1075-1120ई०)→कुमारपाल(1120-1125ई०)→गोपालIII(1125-1144ई०)→मदनपाल(1144-1161ई०)→गोविन्दपाल

वेंगी का चालुक्य वंश

- विष्णुवर्धन(621-643ई०)→जयसिंह-I(643-662ई०)→इन्द्रवर्मन(662ई०)→विष्णुवर्धन-II(662-671ई०)→मंगि युवराज(672-696ई०)→जयसिंह-II(696-709ई०)कोक्किल्लविक्रमादित्य(709ई०)→विष्णुवर्धन-II(709-745ई०)→विजयादित्य-I(746-764ई०)→विष्णुवर्धन-IV(764-799ई०)→विजयादित्य-II(799-814ई०)→भीमसालुकि(814ई०)→विजयादित्य-II(817-843ई०)→विष्णुवर्धन-V(843-844ई०)→विजयादित्य-III(844-888ई०)→भीमI(888ई०)→अम्मI(919-926ई०)→विजयादित्य-V(926ई०)→तालI(926ई०)→विक्रमादित्य-II(927-928ई०)→भोज-II(928ई०)→युद्धमल्ल-II(929-935ई०)→भीम-III(935-946ई०)→अम्मII(946-956ई०)→तैलII→अम्मIII→चोड़भीम→शक्तिवर्मन→कुलोतुंगचोल

गहड़वाल वंश

- यशोविग्रह(संस्थापक)→महीचन्द→चन्द्रदेव(1089-1104ई०)→मदनपाल(1104-1114ई०)→गोविन्दचन्द(1114-1154ई०)→विजयचन्द(1155-1169ई०)→जयचन्द(1170-1194ई०)→हरिश्चन्द्र

चन्देल वंश

- नन्नुक(831-844ई०)→वाक्पति(844-870ई०)→जयशक्ति व विजयशक्ति(870-900ई०)→राहिल(900-915ई०)→हर्ष(915-930ई०)→यशोवर्मा(930-950ई०)→धंग(950-1002ई०)→गण्ड(1003-1017ई०)→विद्याधर(1018-1029ई०)→विजयपाल(1030-1050ई०)→देववर्मा(1050-1060ई०)→कीर्तिवर्मा(1060-1100ई०)→सल्लक्षणवर्मा(1100-1115ई०)→जयवर्मा(1115-1120ई०)→पृथ्वीवर्मा(1120-1129ई०)→मदन वर्मा(1129-1163ई०)→यशोवर्मा II(1163-1165ई०)→परमर्दिदेव(1165-1202ई०)→त्रैलोक्य वर्मा(1203-1247ई०)→वीर्य वर्मा(1250-1286ई०)→भोज वर्मा(1286-1288ई०)→हम्मीर वर्मा(1288-1310ई०)

चाहमान वंश

- वासुदेव संस्थापक (551 ई०)→सामन्तराज→नरदेव→अजयराज I→विग्रहराजI→चन्द्रराजI→गोपेन्द्र राज→दुर्लभराजI→गूवकI→चन्द्रराजII→गूवक II→चन्दनराज→वाक्तपतिराज I→सिंहराज→विग्रहराज II→दुर्लभराजII→गोविन्दराजII→वाक्तपतिराजII→वीर्यराम→चामुण्डराज→दुर्लभराज III→विग्रहराज III→पृथ्वीराज I→अजयराज II(1105-1130ई०)→अर्णोराज(1130-1150ई०)→विग्रहराजIV(1150-1164ई०)→अपरगांगेय(1164ई०)→पृथ्वीराजII(1164-1169ई०)→सोमेश्वर(1169-1177ई०)→पृथ्वीराजIII(1178-1192ई०)→हरिराज(1198ई०)

चालुक्य वंश

- मूलराजप्रथम(संस्थापक)(941-996ई०)→चामुण्डराज(997-1009ई०)→वल्लभराज(1009ई०)→दुर्लभराज(1009-1024ई०)→भीम I(1024-1064ई०)→कर्ण(1065-1093ई०)→जयसिंह सिद्धराज(1094-1142ई०)→कुमारपाल(1143-1173ई०)→अजयपाल(1173-1176ई०)→मूलराजII(1176-1178ई०)→भीमII(1178-1241ई०)

परमार वंश

- उपेन्द्राज(790-817ई०)→वैरिसिंहI(817-842ई०)→सीअकI(844-893ई०)→वाक्पतिI(894-920ई०)→वैरिसिंहII(921-945ई०)→सीअकII(945-972ई०)→वाक्पति II (मुंज)(973-996ई०)→सिन्धुराज(996-1010ई०)→भोज(1010-1055ई०)→जयसिंहI(1055-1070ई०)→उदयादित्य(1070-1086ई०)→लक्ष्मदेव(1086-1094ई०)→नरवर्मा(1094-1133ई०)→यशोवर्मा(1134-1142ई०)→जयवर्मन→विन्ध्यवर्मन→सभटवर्मन

कलचुरि वंश

- वामराजदेवसंस्थापक(675-700ई०केबीच)→शंकरगणI→विदरणअनुपलब्ध→कोकल्ल I(850-885ई०)→शंकरगण II(890-910ई०)→युवराज I(915-945ई०)→लक्ष्मणराजII(945-970ई०)→शंकरगणIII(970-980ई०)→युवराज II(980-990ई०)→कोकल्ल II(990ई०-1015ई०)→गांगेयदेव(1019-1040ई०)→लक्ष्मीकर्ण(1041-1072ई०)→यशकर्ण

(1073-1123ई०)→गयाकर्ण(1123-1151ई०)→नरसिंह(1154-1167 ई०)→जयसिंह-(1167-1180ई०)→विजयसिंह(1180-1212ई०)

चोल वंश

- विजयालय (संस्थापक) (850-877 ई०) → आदित्य-I (877-907 ई०) → परान्तक-I (907-953 ई०) → गण्डरादित्य (953-957 ई०) → परान्तक-II (957-973 ई०) → उत्तम चोल (973-985 ई०) → राजराज-I (985-1014 ई०) राजेन्द्र-I (1014-1044 ई०) → राजाधिराज-I (1044-1052 ई०) → राजेन्द्र-II (1052-1064 ई०) → वीरराजेन्द्र (1064-1070 ई०) → अधिराजेन्द्र (1070-1120 ई०) → विक्रमचोल (1120-1135 ई०) → कुलोत्तुंग-II (1135-1150 ई०) → राजराज-II (1150-1163 ई०) → राजाधिराज-II (1163-1182 ई०) → कुलोत्तुंग-III (1182-1216 ई०) → राजराज-III (1216-1250 ई०) → राजेन्द्र-III (1250-1279 ई०)

गुलाम वंश

- कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई०) → आरामशाह (1210-1211 ई०) → इल्तुतमिश (1211-1236 ई०) → रुकनुद्दीन (1236 ई०) → रजिया (1226-1240 ई०) → मुईनुद्दीन बहरामशाह (1240-1242 ई०) → अलाउद्दीन मसूदशाह (1242-1246 ई०) → नासिरुद्दीन महमूद (1246-1265 ई०) बलबन (1266-1287 ई०) → कैकुबाद (1287-1290 ई०) → क्यूमर्स (1290 ई०)

खलजी वंश

- जलालुद्दीन फिरोज खलजी (1290-1296 ई०) → अलाउद्दीन खलजी (1296-1316 ई०) → कुतुबुद्दीन मुबारक खलजी (1316-1320 ई०) → नासिरुद्दीन खुसरूशाह (1320 ई०)

तुगलक वंश

- गियासुद्दीन तुगलक (1320-1325 ई०) → मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351 ई०) → फिरोज तुगलक (1351-1388 ई०) → गियासुद्दीन तुगलक II → अबू बक्र → मुहम्मद शाह → अलाउद्दीन सिकंदर उर्फ हुमायूं (1394-1395 ई०) → नासिरुद्दीन महमूदशाह (1395-1412 ई०)

सैय्यद वंश

- खिज्र खां (1414 ई०-1421 ई०) → मुबारकशाह (1421-1434 ई०) → मुहम्मदशाह (1434 ई०-1445 ई०) → अलाउद्दीन आलमशाह (1445-1450 ई०)

लोदी वंश

- बहलोल लोदी (1451-1489 ई०) → सिकन्दर लोदी (1489-1517 ई०) → इब्राहीम लोदी (1517-1526 ई०)

सल्तनतकालीन शासक बंगाल

- हाजी इलियास (1345-1357 ई०) → सिकन्दर शाह (1357-1393 ई०) → ग्यासुद्दीन आजम (1393-1410 ई०) → सैफुद्दीन हमजा शाह (1410-1414 ई०) → गणेश (1414-1418 ई०) → जलालुद्दीन मुहम्मदशाह (1418-1431 ई०) → शम्सुद्दीन अहमद (1431-1442 ई०) → नासिरुद्दीन महमूदशाह (1443-1460 ई०) → रुक्नुद्दीन बारबकशाह (1460-1474 ई०) → शम्सुद्दीन युसुफशाह (1474-1481 ई०) → सिकन्दर-II (1481 ई०) → जलालुद्दीन फतहशाह (1482-1486 ई०) → बारबकशाह (1486 ई०) → सैफुद्दीन फिरोज (1486-1489 ई०) → नासिरुद्दीन मुहम्मदशाह-II (1489-1490 ई०) → शम्सुद्दीन मुजफ्फरशाह (1490-1493 ई०) → अलाउद्दीन हुसैनशाह (1493-1518 ई०) → नासिरुद्दीन नुसरतशाह (1518-1531 ई०) → अलाउद्दीन फिरोजशाह → ग्यासुद्दीन मुहम्मदशाह

शर्की वंश

- ख्वाजा जहान (मलिक उस् शर्क) (1399 ई०) → मुबारकशाह (1399-1402 ई०) → शम्सुद्दीन इब्राहीमशाह (1402-1440 ई०) → महमूदशाह (1440-1479 ई०)

बहमनी वंश

- अलाउद्दीन बहमनशाह (1346-1358 ई०) → मुहम्मदशाह I (1358-1375 ई०) → अलाउद्दीन मुजाहिदशाह (1375-1378 ई०) → दाऊद I (1378 ई०) → मुहम्मदशाह II (1378-1397 ई०) → ग्यासुद्दीन तहमातन (1397 ई०) → शम्सुद्दीन दाऊद II (1397 ई०) → ताजुद्दीन फिरोज (1397-1422 ई०) → शहाबुद्दीन अहमद II (1422-1436 ई०) → अलाउद्दीन अहमद II (1436-1458 ई०) → अलाउद्दीन हुमायूं (1458-1461 ई०) → निजामशाह (1461-1463 ई०) → सुल्तान शम्सुद्दीन महमूद III (1463-1482 ई०) → महमूदशाह (1482-1518 ई०) → अहमद IV (1518-1520 ई०) → अलाउद्दीन शाह (1520-1523 ई०) → वली उल्लाह (1523-1526 ई०) → कलीमुल्ल शाह (1526-1538 ई०)

विजयनगर राज्य

संगम राजवंश

- हरिहर I (1336-1356 ई०) → बुक्का I (1356-1377 ई०) → हरिहर II (1377-1404 ई०) → देवराय I (1406-1422 ई०) → रामचन्द्र → वीर विजय (1422-1430 ई०) → देवराय II (1430-1446 ई०) → मल्लिकार्जुन (1446-1465 ई०) → वीरूपाक्ष II (1465-1485 ई०)

सालुव राजवंश

- सालुवनरसिंह (1485-1490 ई०) → इम्माडिनरसिंह (1490-1506 ई०)

तुलुव राजवंश

- वीर नरसिंह (1506-1509 ई०) → कृष्णदेव राय (1509-1529 ई०) → अच्युतदेवराय (1529-1542 ई०) → सदाशिव (1542-1570 ई०)

अरवीदू वंश

- तिरूमल (1570 ई०) → रंग II → वेंकट III (1580-1614 ई०) → रंग III

शाहमीर वंश (कश्मीर)

- शम्सुद्दीन शाह (1339-1342 ई०) → जमसेद → अलाउद्दीन → शिहाबुद्दीन → कुतुबुद्दीन → सिकन्दर (1398-1413 ई०) → अलीशाह (1413-1420 ई०) → जैनुलआबदीन (1420-1470 ई०) → हैदरशाह

गुहिल वंश (मेवाड़)

- बापारावल (728-764 ई०) → भूर्तपट्ट → अल्लट → नरवाहन → शालिवाहन → शक्तिकुमार → जैत्रसिंह (1213-1253 ई०) → तेजासिंह (1253-1268 ई०) → समरसिंह (1273-1301 ई०) → रतनसिंह (1301-1303 ई०)

खिलजी वंश (मालवा)

- महमूदशाह I (1436-1469 ई०) → ग्यासुद्दीन (1469-1500 ई०) → नासिरुद्दीनशाह (1500-1512 ई०) → महमूद खिलजी (1512-1531 ई०)

सल्तनतकालीन शासक गुजरात

- जफर खां (1401-1411 ई०) → अहमदशाह (1411-1441 ई०) → कुतुबुद्दीन अहमद → दाउद → महमूद बेगड़ा (1458-1511 ई०) → मुजफ्फर-II (1511-1526 ई०) → सिकन्दर → नासिर खां → महमूद-II → बहादुर शाह (1527-1537 ई०)

मुगल वंश

- बाबर (1526-1530 ई०) → हुमायूं (1530-1556 ई०) → अकबर (1556-1605 ई०) → जहांगीर (1605-1627 ई०) → शाहजहां (1627-1658 ई०) → औरंगजेब (1658-1707 ई०) → बहादुर शाह-I (1707-1712 ई०) → जहांदार शाह (1712-1713 ई०) → फर्रुखसियर (1713-1719 ई०) → रफीउद् दरजात (1719 ई०) → रफीउद्दौला (1719 ई०) → मुहम्मदशाह (1719-1748 ई०) → अहमदशाह (1748-1754 ई०) → आलमगीर II (1754-1759 ई०) → शाह आलम (1759-1806 ई०) → अकबर-II (1806-1837 ई०) → बहादुर शाह II (1837-1858 ई०)

सूरी वंश

- शेरशाह (1540-1545 ई०) → इस्लामशाह (1545-1553 ई०) → फिरोजशाह → मुहम्मद आदिलशाह (1553-1555 ई०) → इब्राहीम सूरी (1555 ई०) → सिकन्दर सूरी (1555 ई०)

निज़ाम वंश (अहमदनगर)

- मलिक अहमद (1490-1510 ई०) → बुरहान निजामशाह-I (1510-1553 ई०) → हुसैन निजामशाह I (1553-1563 ई०) → मुर्तज़ा निजामशाह-I (1563-1588 ई०) → हुसैन निजामशाहा-II (1588-1589 ई०) → इस्माइल निजामशाह (1589-1591 ई०) → बुरहान निजामशाह-I (1591-1595 ई०) → इब्राहीम निजामशाह (1595-1601 ई०) → मुर्तजा निजामशाह II (1601-1610 ई०) → बुरहान निजामशाह III (1610-1632 ई०) → हुसैन निजामशाह III (1632-1636 ई०)

आदिलशाही वंश (बीजापुर)

- युसुफ आदिलशाह (1489-1510 ई०) → इस्माइल आदिलशाह (1510-1524 ई०) → इब्राहीम आदिलशाह (1535-1558 ई०) → अली आदिलशाह I (1558-1580 ई०) → इब्राहीम आदिलशाह (1580-1627 ई०) → मुहम्मद आदिलशाह (1627-1656 ई०) → अली आदिलशाह-II (1656-1677 ई०) → सिकन्दर आदिलशाह (1677-1686 ई०)

फारूखी वंश (खानदेश)

- मलिक राजा फारूखी (1370-1399 ई०) → मलिक नासिर (1399-1438 ई०) → आदिल खां-I (1438-1441 ई०) → मुबारक खां-I (1441-1457 ई०) → आदिल खां-II (1457-1503 ई०) → दाऊद (1503-1508 ई०) → आदिल खां-III (1508-1520 ई०) → मीरन मुबारकशाह-II (1537-1566 ई०) → अली खां (1566-1597 ई०) → मीरन बहादुर शाह (1597-1601 ई०)

सिख गुरू

- गुरूनानक (1469-1538 ई०) → गुरू अंगद (1538-1520 ई०) → गुरू अमरदास (1552-1574 ई०) → गुरू रामदास (1574-1581 ई०) → गुरू अर्जुन (1581-1606 ई०) → गुरू हरगोविन्द (1606-1645 ई०) → गुरू हरराय (1645-1661 ई०) → गुरू हरकिशन (1661-1664 ई०) → गुरू तेगबहादुर (1664-1675 ई०) → गुरू गोविन्दसिंह (1675-1708 ई०)

मराठा वंश

- शिवाजी (1627-1680 ई०) → शम्भाजी (1680-1689 ई०) → राजाराम (1689-1700 ई०) → शिवाजी-II (1700-1707 ई०) → शाहू-I (1707-1749 ई०) → रामराजा (1749-1777 ई०) → शाहू-II (1777-1808 ई०) → प्रतापसिंह (1808-1839 ई०) → शाहजी अप्पा (1839-1848 ई०)

पेशवा वंश

- बालाजी विश्वनाथ (1713-1720 ई०) → बाजीराव-I (1720-1740 ई०) → बालाजी बाजीराव (1740-1761 ई०) → माधवराव (1761-1772 ई०) → नारायणराव (1772-1773 ई०) → रघुनाथराव (1773 ई०) → माधवराव नारायण (1773-1795 ई०) → बाजीराव-II (1795-1818 ई०)

भारतीय इतिहास : एक नजर

इतिहास का वर्गीकरण

1. प्रागैतिहासिक काल (Pre Historic Period)–वह काल जिसके लिए कोई लिखित सामग्री उपलब्ध नहीं है और जिसमें मानव का जीवन अपेक्षाकृत पूर्णतया सभ्य नहीं था, **'प्रागैतिहासिक काल'** कहलाता है। मानव ने अपना सांस्कृतिक जीवन लगभग 30 लाख वर्ष पूर्व आरम्भ किया था, अतः प्रागैतिहास (Pre History) के अंतर्गत हम उक्त सुदूर अतीत के आरंभ से लेकर लगभग ई. पू. 3000 तक की मानव संस्कृति का अध्ययन करते हैं। प्रागैतिहासिक काल का इतिहास लिखते समय इतिहास को पूर्णतः पुरातात्विक साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

2. आद्य-इतिहास (Proto Historic)–प्रागैतिहासिक युग के उपरांत इतिहास का एक ऐसा भी समय था, जिसके लिए लेखन कला के प्रमाण तो है, लेकिन या तो वे अपुष्ट हैं या फिर उनकी गूढ़ लिपि का अर्थ निकालना कठिन है। ऐसे काल को आद्य इतिहास कहते हैं। आद्य इतिहास लिखते समय इतिहासकार साहित्यिक तथा पुरातात्विक दोनों ही प्रकार के साक्ष्यों का उपयोग करता है। 3000 ई. पू. से 600 ई. पू. के बीच का इतिहास (मुख्यतः सिन्धु सभ्यता का इतिहास) आद्य इतिहास की श्रेणी में आता है।

3. ऐतिहासिक काल (Historic Period)–इतिहासकार उस काल को **'ऐतिहासिक काल'** की संज्ञा देते हैं जिसके लिए लिखित साधन उपलब्ध हैं और जिसमें मानव सभ्य बन चुका था। ई. पू. 600 के बाद का इतिहास **'इतिहास'** कहलाता है। इसका कारण यह है कि भारत में **प्राचीनतम लिखित सामग्री** अशोक के अभिलेख हैं।

विष्णु के दस अवतार

1. मत्स्यावतार 2. कूर्मावतार 3. वराहावतार 4. नृसिंहावतार
5. वामनावतार 6. परशुरामावतार 7. रामावतार 8. कृष्णावतार
9. बुद्धावतार 10. कल्कि अवतार (होना शेष)

पंच महायज्ञ

हिन्दू विधानानुसार प्राचीन काल से मानव जीवन में निम्न 5 यज्ञों की महत्ता प्रतिपादित की गयी है–

1. **ब्रह्म यज्ञ** – वेद पाठ द्वारा संसार की आत्मा ब्रह्म की पूजा।
2. **पितृ यज्ञ** – तर्पण तथा सामयिक श्राद्धों द्वारा पितरों की पूजा।
3. **देव यज्ञ** – पवित्र अग्नि में घी की आहुति द्वारा देवताओं की पूजा।
4. **भूत यज्ञ** – पशुओं, पक्षियों तथा भूत-प्रेतों के लिए द्वार पर अन्न तथा भोजन डालकर समस्त प्राणिमात्र की पूजा।
5. **नृ-यज्ञ** – अतिथि सत्कार द्वारा मनुष्यों की पूजा।

सैंधव सभ्यता का समय निर्धारण

पुरातत्वविद	तिथि निर्धारण
सर जॉन मार्शल	3250 ई. पू. से 2750 ई. पू.
माधव स्वरूप वत्स	3500 ई. पू. से 2700 ई. पू.
मार्टीमर ह्वीलर	2500 ई. पू. से 1500 ई. पू.
अर्नेस्ट मैके	2800 ई. पू. से 2500 ई. पू.
रोमिला थापर	2300 ई. पू. से 1750 ई. पू.
वर्तमान मान्यता	2550 ई. पू. से 1900 ई. पू.

सैंधवकालीन व्यापार

सैंधववासी निर्मित वस्तुओं तथा अनाजों के बदले पड़ोसी देशों से **निम्नलिखित धातुओं का आयात** करते थे–

सोना : अफगानिस्तान, फारस, दक्षिणी भारत से
चांदी : ईरान, अफगानिस्तान से
ताँबा : अरब, खेतड़ी (द. भारत) से
नीला रत्न : बदक्शां से
नीलमणि : महाराष्ट्र से
सुलेमानी पत्थर : सौराष्ट्र, प. भारत से
हरित मणि : दक्षिण एशिया से
शंख, कौड़ियां : सौराष्ट्र, द. भारत से

आर्यों के आदि स्थल के बारे में विभिन्न मत

आदि स्थल	प्रतिपादन
सप्त सैंधव क्षेत्र	डॉ. अविनाश चंद्र दास, डॉ. संपूर्णानंद
ब्रह्मर्षि देश	पं. गंगानाथ झा
मध्य देश	डॉ. राजबली पाण्डेय
कश्मीर	एल. डी. कल्ल
देविका प्रदेश (मुल्तान)	डी. एस. त्रिदेव
उत्तरी ध्रुव प्रदेश	बाल गंगाधर तिलक ("द आर्कटिक होम ऑफ आर्यन्स")
हंगरी (यूरोप) (डेन्यूब नदी की घाटी)	प्रो. गाइल्स
दक्षिणी रूस	नेहरिंग मेयर, पीका व गार्डन चाइल्ड्स
जर्मनी	पेनका, हर्ट
तिब्बत	स्वामी दयानंद सरस्वती (सत्यार्थ प्रकाश)
मध्य एशिया	मैक्समूलर

वैदिक कालीन शब्द

दुहित्री	:	दूध दुहने वाली अर्थात् पुत्री
अघन्या	:	वध न की जाने वाली गाय
गोघ्न	:	गाय का वध करने वाला यानी अतिथि
नियोग प्रथा	:	पति के न होने पर अन्य निकट रिश्तेदार के साथ पुत्र के लिए सहवास (विधवाओं का पुनर्विवाह)
गौपति	:	राजा की गायों की रक्षा करने वाला
व्रीही	:	धान
निष्क	:	सोने का टुकड़ा (पिण्ड) अथवा आभूषण
रत्निन	:	राजा को सहयोग करने वाले अथवा परामर्श देने वाले विभिन्न अधिकारी
संग्रहीत्रि	:	शाही खजाने का प्रभारी
श्रोतिय	:	विद्वान ब्राह्मण
द्विज	:	शाब्दिक अर्थ– जिसका जन्म दो बार हुआ हो किन्तु ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के लिए प्रयुक्त
भागदुध	:	कर संग्राहक
गविष्टि	:	शाब्दिक अर्थ– गायों की गवेषणा (खोज) किन्तु व्यावहारिक अर्थ कबीलों के बीच युद्ध है
रयि	:	संभवतः चांदी की मुद्रा
अदेवयु	:	देवताओं में श्रद्धा न रखने वाले
अब्रह्मन	:	वेदों को न मानने वाले
अयज्वन	:	यज्ञ न करने वाले
अनास	:	कटु वाणी वाले; इसका प्रयोग आर्यों के शत्रु पणियों के लिए भी किया गया
व्राजपति	:	चारागाह का अधिकारी, गांव का प्रधान
कुलप	:	परिवार का मुखिया
ग्रामणी	:	लड़ाकू दलों के प्रधान
जन या विश	:	वैदिक कबीले (प्रजाजन)
नप्तृ	:	भतीजे, प्रपौत्र, चचेरे भाई-बहिन इत्यादि के लिए प्रयुक्त शब्द
संहिता	:	वैदिकसूक्तों या मंत्रों का संग्रह
बलि	:	राजा को स्वेच्छा से दी गयी भेंट
राष्ट्र	:	प्रदेश या राज्य क्षेत्र (वैदिक युग में पहली बार प्रयुक्त)
होतृ या होता	:	ऋग्वेद से संबंधित और सूक्त उच्चारित करने वाले ऋषि
अध्वर्यु	:	यज्ञ संबंधी मंत्रों का उच्चारण करने वाले पुरोहित, यजुर्वेद से संबंधित
उद्गाता	:	यज्ञ संबंधी मंत्रों को गाने वाले पुरोहित, सामवेद से संबंधित
लांगल	:	हल
कीनाश	:	हल चलाने वाला
पणि	:	व्यापारी

अन्य वैदिक कालीन शब्द एवं उनका उल्लेख

दैवी अधिकार	वैदिक कालीन नरेश इसमें विश्वास नहीं करते थे।
शर्ध, व्रात तथा गण	सैनिक इकाइयाँ थीं।
अनस	बैलगाड़ी के लिए प्रयुक्त शब्द।
पथी-कृत	अग्नि देव के लिए प्रयुक्त हुआ है।
भीषज	वैद्य वर्ग के लिए प्रयुक्त हुआ है।
अमूर्त देवता	श्रद्धा और मनु
अग्नि पूजा	इसका महत्व अवेस्ता के कारण भी बढ़ा।
अयस	इसका ऋग्वेद में उल्लेख है
चावल	इसका उल्लेख ऋग्वेद में नहीं हुआ, यजुर्वेद में हुआ है।
गंगा	गंगा नदी का उल्लेख ऋग्वेद में केवल एक बार हुआ है।
कुसिदिन	सूदखोर के लिए प्रयुक्त हुआ है।
शतमान	वैदिककालीन मुद्रा के लिए प्रयुक्त हुआ है।
राष्ट्र	इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम उत्तर वैदिक काल में हुआ, लेकिन प्रदेश के लिए।
ब्रीही	इसका प्रयोग धान के लिए हुआ है।
वीर	रत्निन के लिए प्रयुक्त हुआ है।
गृहपति	परिवार के वयोवृद्ध व्यक्ति को गृहपति कहा जाता था।

उत्तर वैदिक युगीन अधिकारी (रत्निन)

रत्निन	उनके कार्य
1. पुरोहित	रत्निनों में पुरोहित का स्थान सर्वोच्च होता था। वह राजा का प्रमुख सलाहकार होता था। वह युद्ध में राजा के साथ जाता था। धार्मिक कार्यों में भी उसे सलाह देता था।
2. महिषी	यह राजा की पटरानी होती थी। प्रशासन में उसका भी हाथ होता था। राजा को प्रशासनिक कार्यों में वह सलाह देती थी।
3. युवराज	राजा अपने जीवन-काल में ही ज्येष्ठ पुत्र को इस पद पर आसीन कर प्रशासनिक कार्यों में उसे दक्ष बनाने का प्रयास करता था।
4. सूत	उस काल में रथ टैंक तुल्य होते थे। अत: रथों के निर्माण व उनके रख-रखाव के लिए सूत होता था। युद्ध में भी उसका बड़ा महत्व होता था।
5. सेनानी	यह सेना का प्रधान होता था। युद्ध में सेना का संचालन करना तथा शान्ति में सेना की व्यवस्था करना उसका प्रधान कार्य था।
6. ग्रामणी	यह ग्राम का स्वामी होता था। गाँव का वही व्यवस्थापक होता था।
7. क्षत्तृ	राजप्रासादों की सुरक्षा का भार उस पर होता था।
8. संग्रहीता	यह राज्य का कोषाध्यक्ष होता था।
9. भागदुध	भूमि कर को वसूल करना उसका प्रमुख कार्य था।
10. अक्षवाप	पासे खेलना उस समय मनोरंजन का प्रमुख साधन था। राजा को इस खेल में सहायता देने वाला **अक्षवाप** कहलाता था।
11. पालागल	यह राजा का मित्र होता था। विदूषक से सम्बन्धित होने के कारण वह राजा का मनोरंजन भी करता था।
12. गोविकर्ता	

चार आश्रम –ब्रह्मचर्य (25 वर्ष की आयु तक), गृहस्थाश्रम (25-30), वानप्रस्थ आश्रम (50-75 वर्ष), सन्यास आश्रम (75-100 वर्ष)।

तीन ऋण–1. देव ऋण, 2. ऋषि ऋण, 3. पितृ ऋण।

पुरुषार्थ (चार)– 1. धर्म, 2. अर्थ, 3. काम, 4. मोक्ष।

उपवेद : आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद (संगीतशास्त्र) और शिल्प शास्त्र आदि विधायें, जो वेदों से निकली हुई हैं।

वैदिक साहित्य (ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक व उपनिषद)

वेद	सम्बन्धित ब्राह्मण ग्रन्थ	विषय-वस्तु	सम्बन्धित आरण्यक	सम्बन्धित उपनिषद
ऋग्वेद	(1) ऐतरेय-महीदास	सोमयज्ञ के हौत्र पक्ष की विशद मीमांसा की गई है।	ऐतरेय	ऐतरेय
	(2)शांखायन (कोषीतकि)	इसमें सोमयज्ञों के अलावा इष्टियों (यज्ञों) पशु-पक्षियों का भी प्रतिपादन है।	कौषीतकि	कौषीतकि
यजुर्वेद	1. तैत्तिरीय **(कृष्ण यजुर्वेद)**	शतपथ की भांति इसका पाठ भी सस्वर है। इसमें सर्वाधिक प्रसिद्ध आख्यान महर्षि भारद्वाज से सम्बद्ध है। इसे आचार दर्शन भी कहा जाता है।	तैत्तिरीय	तैत्तिरीय उपनिषद कठोपनिषद श्वेताश्वतर उपनिषद
	2. **शतपथ (शुक्ल यजुर्वेद)** रचयिता-याज्ञवल्क्य	सौ अध्याय के कारण शतपथ ब्राह्मण प्रतिपाद्य विषय-वस्तु माध्यन्दिन तथा कण्व शतपथ के समान है विविध यज्ञों के विधि विधान का सांगोपांग विवरण है।	शतपथ आरण्यक	वृहदारण्यक ईशोपनिषद
सामवेद	(1) **ताण्ड्य** महाब्राह्मण (ताण्डि नामक आचार्य)	सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सरस्वती नदी के लुप्त व प्रकट होने का विवरण है।	छान्दोग्य	छान्दोग्योपनिषद
	(2)**जैमनीय ब्राह्मण**	जैमनी की स्तुति की गई है।	जैमनीय	
अथर्ववेद	गोपथ अथर्ववेद का यह एकमात्र उपलब्ध ब्राह्मण ग्रन्थ है।	ऋषि गोपथ ही इस ब्राह्मण के प्रवक्ता हैं। इसके दो भाग हैं--पूर्व और उत्तर। पूर्व भाग के प्रथम इसने अथर्ववेद की नौ शाखाओं में से शौनकीया शाखा के मन्त्रों का ही निर्देश प्रतीकों द्वारा किया है। इसका सम्बन्ध पैपलाद शाखा से है। पाठक में सृष्टि प्रक्रिया का निरूपण है। इसमें आध्यात्मिक तत्वों का भी प्रचुरता से निरूपण हुआ है।		मुण्डकोपनिषद प्रश्नोपनिषद माण्डूक्योपनिषद

पौराणिक महाकाव्य

रामायण—वाल्मीकिकृत महाकाव्य **रामायण** में मूलत: 60000 श्लोक थे, जो कालान्तर में 12000 हुए और फिर 24000 हो गये। इसे **'चतुर्विंशति साहस्त्री संहिता'** भी कहा गया है। इसकी रचना संभवत: ई० पू० 5वीं शती में आरम्भ हुई। कुल मिलाकर इसकी रनचा महाभारत के बाद की गयी प्रतीत होती है। यह सात काण्डों में विभक्त है—**बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकांड, किष्किन्धाकांड, सुन्दरकांड, युद्धकांड** तथा **उत्तरकांड**। बालकांड तथा उत्तरकांड के अधिकांश भागों को प्रक्षिप्त माना जाता है।

महाभारत— व्यासकृत **'महाभारत'** महाकाव्य संभवत: 10 वीं सदी ई० पू० से चौथी सदी ई० पू० तक की स्थिति का आभास देता है। पहले इसमें मात्र 8800 श्लोक थे और इसका नाम **'जयसंहिता'** (विजय सम्बंधी ग्रंथ) था। बाद में श्लोक संख्या बढ़कर 24000 हो जाने पर यह **'भारत'** नाम से प्रसिद्ध हुआ, क्योंकि इसमें वैदिक जन भरत के वंशजों की कथा है। कालान्तर में इसमें एक लाख श्लोक हो गये और यह **'शतसाहस्त्री संहिता'** या **'महाभारत'** कहलाने लगा। इसमें कथोपकथायें, वर्णन और उपदेश हैं। मूलकथा कौरवों-पांडवों के युद्ध की है-जो उत्तर वैदिक काल की हो सकती है। यह युद्ध कुल **18 दिनों** तक चला था। वर्णनांश का सम्बन्ध वेदोत्तर काल से तथा उपदेशात्मक अंश का सम्बन्ध मौर्योत्तर और गुप्तकाल से हो सकता है। महाभारत में कुल 18 पर्व (अध्याय) हैं—1. **आदि पर्व 2. सभापर्व 3. वन पूर्व 4. विराट पर्व 5. उद्योग पर्व 6. भीष्म पर्व 7. द्रोण पर्व 8. कर्ण पर्व 9. शल्य पर्व 10. सौप्तिक पर्व 11. स्त्री पर्व 12. शांति पर्व 13. अनुशासन पर्व 14. अश्वमेध पर्व 15. आश्रमवासी पर्व 16. मौसल पर्व 17. महाप्रस्थानिक पर्व 18. स्वर्गारोहण पर्व**। इसके अलावा हरिवंश, इसका परिशिष्ट (खिल पर्व) है, जिसमें ***कृष्ण वंश*** की कथा वर्णित है।

वेदकालीन ब्राह्मण ग्रंथ

ब्राह्मण ग्रंथों की रचना यज्ञादि विधानों के प्रतिपादन तथा उसकी क्रिया को समझाने के उद्देश्य से की गयी थी। **'ब्रह्म'** का शब्दार्थ **'यज्ञ'** है, अत: यज्ञीय विषयों के प्रतिपादक ग्रंथ **'ब्राह्मण'** कहे गये। संहिता (वेद) ग्रंथ जहाँ स्तुति प्रधान हैं, वहीं ब्राह्मण ग्रंथ विधि प्रधान हैं, जो अधिकांशत: गद्य में लिखे गये हैं। प्रत्येक वेद हेतु पृथक ब्राह्मण ग्रंथ लिखे गये। इनका विवरण निम्नवत है:

(i) **ऋग्वेद** - ***ऐतरेय*** तथा ***कौषीतकी***।
(ii) **सामवेद** - ***पंचविंश, तांड्य, षड्विंश, अद्भुत*** व ***जैमिनी***।
(iii) **यजुर्वेद** - ***तैत्तिरीय*** एवं ***शतपथ*** ब्राह्मण।
(iv) **अथर्ववेद** - ***गोपथ ब्राह्मण***।

आरण्यक ग्रंथ : इनकी रचना अरण्यों अर्थात् वनों में पढ़ाये जाने के निमित्त होने के कारण इन्हें **'आरण्यक'** कहा गया। इनमें ज्ञान एवं चिंतन को प्रधानता दी गयी है। इन दार्शनिक रचनाओं से ही कालान्तर में उपनिषदों का विकास हुआ।

प्रमुख आरण्यक ग्रंथ : ***ऐतरेय, शांखायन, तैत्तिरीय, वृहदारण्यक, छान्दोग्य, जैमिनी, मैत्रायणी, तलवकार*** तथा ***याज्ञ्यान्दन***।

उपनिषद् (108) : उपनिषदों को **'वेदांत'** भी कहा जाता है। उपनिषद मुख्यत: **ज्ञानमार्गी** रचनायें हैं। इनका मुख्य विषय ब्रह्मविद्या का प्रतिपादन है। **'उपनिषद'** का शाब्दिक अर्थ है-**उप**-समीप, **नि**-निष्ठापूर्वक, **सद्**-बैठना; अर्थात् (रहस्य ज्ञान हेतु) गुरू के समीप निष्ठापूर्वक बैठना। वैसे तो **मुक्तिकोपनिषद्** में 108 उपनिषदों का उल्लेख मिलता है, लेकिन सर्वाधिक प्राचीन और प्रामाणिक 12 उपनिषद् माने जाते हैं-**ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य, वृहदारण्यक, श्वेताश्वतर** और **कौषीतकी**। शंकराचार्य ने आरम्भिक दस उपनिषदों पर भाष्य लिखा है। भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य **"सत्यमेव जयते"** -*'मुण्डकोपनिषद'* से उद्धृत है। उपनिषदों के विकास में गार्गी और मैत्रेयी के साथ दीर्घकाल तक ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य मनीषियों ने बौद्धक योगदान दिया। उपनिषदों में सर्वत्र सत्य को खोजने की सच्ची उत्कंठा परिलक्षित होती है।

वेदांग

वेदों (संहिता) के अर्थ को सरलता से समझने तथा वैदिक कर्मकांडों के प्रतिपादन में सहायतार्थ **'वेदांग'** नामक नवीन साहित्य की रचना की गयी, जिसकी संख्या 6 है-**शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरूक्त, छंद एवं ज्योतिष**।

1. **शिक्षा (उच्चारण विधि)**— वैदिक मंत्रों के शुद्ध उच्चारण एवं शुद्ध स्वर क्रिया की विधियों के ज्ञानार्थ लिखित साहित्य को **'शिक्षा'** के नाम से जाना जाता है। वैदिक शिक्षा सम्बंधी प्राचीनतम साहित्य प्रतिशाख्य हैं।
2. **कल्प सूत्र (कर्मकांड)**— कल्प नामक वेदांग में छोटे-छोटे वाक्यों में सूत्र (Formula) बनाकर महत्त्वपूर्ण वैदिक विधि-विधानों को प्रस्तुत किया गया। सूत्र ग्रंथों को ही कल्प कहा जाता है। **कल्प सूत्र** चार प्रकार के हैं।
3. **व्याकरण**—शब्दों की मीमांसा करने वाला शास्त्र व्याकरण कहा गया, जिसका सम्बन्ध भाषा सम्बन्धी नियमों से है। व्याकरण की सर्वप्रमुख रचना **पाणिनि** कृत **'अष्टाध्यायी'** (5 वीं शती ई० पू०) है, जिसमें 8 अध्याय व 400 सूत्र हैं। इसा पूर्व चौथी शताब्दी में **कात्यायन** ने संस्कृत में प्रयुक्त होने वाले नये शब्दों की व्याख्या के लिए **'वार्तिक'** लिखे। ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी में ***पतंजलि*** ने पाणिनीय सूत्रों पर **'महाभाष्य'** लिखा।
4. **निरूक्त (भाषा विज्ञान)**— क्लिष्ट वैदिक शब्दों के संकलन **'निघण्टु'** की व्याख्या हेतु ***यास्क*** ने **'निरूक्त'** की रचना की थी, जो **भाषा शास्त्र का प्रथम ग्रंथ** माना जाता है।
5. **छन्द**— वैदिक मंत्र प्राय: छंदबद्ध हैं। छंदों के नाम संहिताओं व ब्राह्मण ग्रंथों में मिलते हैं। छंदशास्त्र पर **पिङ्गलमुनि** का ग्रंथ **'छन्द सूत्र'** उपलब्ध है।
6. **ज्योतिष :** शुभ मुहूर्त में याज्ञिक अनुष्ठान करने के लिए ग्रहों तथा नक्षत्रों का अध्ययन करके सही समय ज्ञात करने की विधि से वेदांग ज्योतिष की उत्पत्ति हुई। ज्योतिष की सर्वप्राचीन रचना **मगधमुनि** कृत **'वेदांग ज्योतिष'** है। इसमें कुल 44 श्लोक हैं। **वेदांग ज्योतिष** के ऋग्वेद व यजुर्वेद से सम्बन्धित क्रमश: दो ग्रंथ हैं—**आचार्य ज्योतिष** एवं **याजुष ज्योतिष**।

पुराण

'पुराण' का शाब्दिक अर्थ ***'प्राचीन आख्यान'*** होता है। पांचवीं से चौथी शताब्दी ई० पू० में पुराण ग्रंथ अस्तित्त्व में आ चुके थे। वर्तमान उपलब्ध पुराण गुप्तकाल के आसपास के हैं। **मुख्य पुराणों की संख्या** 18 है— **मत्स्य, मार्कण्डेय, भविष्य, भागवत, ब्रह्माण्ड, ब्रह्मवैवर्त्त, ब्रह्म, वामन, वाराह, विष्णु, वायु, अग्नि, नारद, पद्म, लिंग, गरुड़, कूर्म एवं स्कन्द**। ये सभी **महापुराण** कहलाते हैं।

पुराणों के अंतर्गत हम प्राचीन शासकों की वंशावलियाँ पाते हैं। इनके संकलनकर्त्ता महर्षि **लोमहर्ष** अथवा उनके सुपुत्र **उग्रश्रवा** माने जाते हैं। पुराण सरल व व्यावहारिक भाषा में लिखे गये जनता के ग्रंथ हैं जिनमें प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, पशु-पक्षी, वनस्पति विज्ञान, आयुर्वेद इत्यादि का वृहद् वर्णन मिलता है।

स्मृतियाँ या धर्मशास्त्र

धर्मसूत्र साहित्य से कालान्तर में स्मृति ग्रंथों का विकास हुआ इसीलिए इन्हें **'धर्मशास्त्र'** की संज्ञा भी दी जाती है। ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी से लेकर पूर्व मध्यकाल तक विभिन्न स्मृति ग्रंथों की रचना की गयी। कुछ प्रमुख स्मृति ग्रंथों का नाम निम्नवत है—**मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, विष्णु स्मृति, कात्यायन स्मृति, वृहस्पति स्मृति, पाराशर स्मृति, गौतम स्मृति, वशिष्ठ स्मृति, नारद स्मृति, देवल स्मृति** आदि। इनमें मनुस्मृति (शुंग काल - ई० पू० द्वितीय शती) सर्वाधिक प्राचीन तथा प्रमाणिक है, शेष गुप्तकालीन (पाँचवीं सती ई०) हैं। विष्णु स्मृति के अतिरिक्त शेष स्मृतियाँ श्लोकों में लिखी गयी हैं और इनकी भाषा लौकिक संस्कृत है। मनुस्मृति के प्रसिद्ध भाष्यकार **मेधातिथि, गोविन्दराज** तथा **कुल्लूक भट्ट** और **याज्ञवल्क्य स्मृति** के टीकाकार **विश्वरूप, विज्ञानेश्वर** (मिताक्षरा) **अपरार्क** इत्यादि हैं। स्मृतियों में विभिन्न वर्णों, राजाओं और पदाधिकारियों के नाम भी दिये गये हैं।

प्राचीन नदियाँ और उनके वर्तमान रूप

प्राचीन नाम	सम्प्रति (वर्तमान नाम)
कुभा	काबुल
सुवास्तु	स्वात
कुमु	कुर्रम
गोमती	गोमल
सिन्धु	सिंध
सुषोमा	सोहन
वितस्ता	झेलम
असिक्नी	चिनाब
मरुद्वृधा	मरुवर्दवान
परुष्णी	रावी
विपाशा	व्यास
शतुद्रि	सतलज
सरस्वती/दृषद्वती	घग्घर/रक्षी/चितंग
सदानीरा	गंडक

कला के प्राचीन स्कूल

मथुरा कला स्कूल (150-300 ई०)—यह देशी कला केन्द्र है, जो जैन धर्मानुयायियों द्वारा मथुरा में प्रथम शती ई० में आरम्भ किया गया। इसे कुषाण शासकों का संरक्षण मिला। मथुरा कला यथार्थवादी न होकर आदर्शवादी है, जिसमें मुखाकृति में आध्यात्मिक सुख व शांति व्यक्त की गयी है। **इसमें बलुआ लाल पत्थर प्रयुक्त होता था।**

गांधार कला स्कूल (50 ई० पू०-500 ई०)—यह ई० पू० प्रथम शताब्दी के मध्य से उत्तर पश्चिम भारत में विकसित हुई। इसके अंतर्गत मूर्तियों में शरीर की आकृति को सर्वथा यथार्थ (**पारदर्शी**) दिखाने का प्रयत्न किया गया। यहाँ की मूर्तियों में बुद्ध का मुख यूनानी देवता अपोलो से मिलता है।

अमरावती कला स्कूल (150 ई० पू०-400 ई०) : सफेद संगमरमर से बनने वाली इस शैली की प्रतिमाओं का विकास दक्षिण भारत में कृष्णा और गोदावरी नदियों के मध्य अमरावती नामक स्थान पर हुआ। इस शैली की प्रतिमाओं में शारीरिक सौन्दर्य, मानव भावनाओं की अभिव्यक्ति आदि उल्लेखनीय हैं। सातवाहन राजाओं के संरक्षण में नासिक, भोज, बेदसा, और कार्ले में निर्मित बौद्ध चैत्यों (मठों) पर इसी शैली का प्रभाव है।

तीनो संगमों पर एक विहंगम दृष्टि

क्रम संख्या	स्थान	अध्यक्ष	सदस्य संख्या	संरक्षक शासकों की संख्या	प्रस्तुत लेखक	संगम की अवधि	प्रमुख रचनाएं
प्रथम	मदुरा	ऋषि अगस्त्य (अगतियनार)	549	89	4499	4400 वर्ष	अक्कातियम परिपदत्त मुदनेर, मृदुकुम्कु, कल्गियविराय (उपलब्ध कांड भी नहीं)
द्वितीय	कपाटपुरम (अलैव)	तोल्काप्पियर संस्थापक अध्यक्ष (अगस्त्य)	49	59	3700	3700 वर्ष	अकांनियम, तोल्काप्पियम, मापुरानम, इसै-नुनुक्कम, भूतपुरानम, कलि, करुक, वेन्दालि व्यालमलय (केवल तोल्काप्पियम उपलब्ध)
तृतीय	उत्तरी मदुरा	नक्कीरर	49	49	449	1850 वर्ष	पत्थुप्पात, एतुत्थोकड, पदिनेन महाकाव्य शिलप्पदिकारम मणिमेखले जीवक चिन्तामणि

जैन धर्म के सात शील व्रत

1. दिग्व्रत	अपनी क्रियाओं को कुछ विशेष परिस्थितियों में नियन्त्रित करना।
2. देशव्रत	अपने कार्य को कुछ विशिष्ट देशों तक सीमित रखना।
3. अनर्थ दण्डव्रत	बिना कारण अपराध न करना।
4. सामरिक	विचार के लिए कुछ समय निश्चित करना।
5. प्रोषधोपवास	माह की दोनों अष्टमियों तथा चतुर्दशियों को उपवास करना।
6. उपभोग-प्रतिभोग	दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं व पदार्थों को परिणाम नियमित करना।
7. अतिथि संविभाग	अतिथि को भोजन कराकर भोजन करना।

जैन संगीतियाँ

संगीतियाँ	स्थान	वर्ष	अध्यक्ष	कारण व परिणाम
• प्रथम	पाटलिपुत्र	300 ई. पू.	स्थूल बाहुभद्र	1. चन्द्रगुप्त मौर्य के शासन के अन्तिम वर्षों में 12 वर्ष का भयंकर अकाल पड़ा। भद्रबाहु अपने अनुयायियों के साथ कर्नाटक चले गये। उनकी अनुपस्थिति में स्थूल बाहुभद्र ने सभा का आयोजन किया। उसमें महावीर स्वामी की शिक्षाओं को 12 अंगों में विभाजित किया। 2. जैन धर्म दो सम्प्रदायों में विभक्त हो गया।
द्वितीय	वल्लभी	512 ई.	देवर्धिमणी क्षमा-श्रमण	• बिखरे ग्रन्थों का संकलन तथा उनका क्रम से प्रणयन।

धार्मिक आन्दोलन

सम्प्रदाय	संस्थापक
• ***आजीवक सम्प्रदाय (नियतिवादी)***	मक्खिलिपुत्र गोशाल
• ***घोर अक्रियावादी***	पूरण कश्यप
यदृच्छावाद (भौतिकवादी)	आचार्य अजित केशकम्बलिन
• ***भौतिकवादी***	पकुध कच्चायन
• ***अनिश्चयवादी***	संजय वेट्ठलिपुत्र

जैन धर्म : स्मरणीय तथ्य

दिगम्बर •	भद्रबाहु के प्रभाव में रहा जैन सम्प्रदाय जो वस्त्र धारण करने के पक्ष में नहीं थे।
श्वेताम्बर •	दूसरा जैन सम्प्रदाय जो श्वेत वस्त्र धारण करते थे।
निरुक्त	सबसे पुरानी टीका।
गन्धर्व	महावीर स्वामी के शिष्य।
गणधर	महावीर स्वामी के शिष्य।
थेरा	मुख्य उपदेशक।
संभूतर्व विजय	राजा नन्द के शासन में जैन धर्म का प्रचार करने वाले आचार्य।
पूर्वा	जैन धर्म के ग्रन्थों के नाम।
ऋषभ	जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर। इनका प्रतीक चिन्ह साँड है। विष्णु पुराण व भागवत पुराण में इनका उल्लेख नारायण के अवतार रूप में हुआ है।
आदिनाथ	ये जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर थे। इनकी ऐतिहासिकता उपलब्ध नहीं है। इनका प्रतीक चिन्ह हाथी है।
पार्श्वनाथ •	23वें तीर्थंकर थे। इनकी ऐतिहासिकता विश्वसनीय है, प्रतीक चिन्ह शेर है।
नंदिवर्धन •	वर्धमान (महावीर स्वामी) के ज्येष्ठ भ्राता जिनकी अनुमति से उन्होंने गृह-त्याग किया था।
आचारांग सूत्र	यह 12 अंगों में एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें उन नियमों का उल्लेख किया गया है जिन पर जैन मुनियों को चलना था।
भगवती सूत्र	यह दूसरा महत्वपूर्ण अंग था। इसमें जैन धर्म के सिद्धान्तों का विशद वर्णन किया गया है।
तीन गुणव्रत	मोक्ष प्राप्ति के लिए इन (उचित विश्वास, उचित ज्ञान और उचित कार्य) पर आचरण करना आवश्यक था।
निर्ग्रन्थ	जो सांसारिक बन्धनों से मुक्त हो।
जिन	इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला।
केवलिन (कैवल्य)	सर्वोच्च ज्ञान को प्राप्त करने वाला।

जैन शिल्पकला

बाघ गुफा	उदयगिरी	**रणकपुर**	राजस्थान
हाथी गुफा मन्दिर	उड़ीसा	**गिरनार तथा पालिताना**	गुजरात
दिलवाड़ा मन्दिर	माउण्ट आबू (राजस्थान)	**पावापुरी**	बिहार
बाहुबली प्रतिमा (गोमतेश्वर)	श्रवणबेलगोला (कर्नाटक)	**राजगृह** **इन्द्रसभा**	बिहार महाराष्ट्र

जैन धर्म :महत्वपूर्ण बिन्दु

• **तेरापन्थी**	श्वेताम्बर सम्प्रदाय की शाखा है।	
• **समैया**	दिगम्बर सम्प्रदाय की शाखा है।	
ऋषभदेव व अरिष्टनेमी	वेदों में उल्लेखित तीर्थकर	
महावीर स्वामी के अनुयायी नरेश	**बिम्बसार**	मगध नरेश
	उदयन	सिंधु-सौवीर नरेश
	प्रद्योत	अवन्ति नरेश
	स्तानिक	कौशाम्बी नरेश
	गौशाल	महावीर स्वामी का प्रथम सहयोगी

जैन साहित्य

जैन साहित्य को **'आगम'** कहा जाता है, जिसमें 12 अंग, 12 उपांग, 10 प्रकीर्ण, 6 छेदसूत्र, 4 मूलसूत्र, अनुयोग सूत्र व नन्दिसूत्र की गणना की जाती है। इनकी रचना महावीर स्वामी की मृत्यु के बाद विभिन्न संगीतियों में ई० पू० चौथी शती से छठीं शती ई० के मध्य हुई।

अंग (12) : जैन आगम में निम्न 12 अंगों का प्रमुख स्थान है : **1. आचारांग सुत्त, 2. सूयग दंग सुत्त (सूत्र कृतांग), 3. ठाणंग (स्थानांग) 4. समवायंग सुत्त, 5. भगवती सुत्त 6. नयाधम्मकहा सुत्त (ज्ञानधर्मकथा), 7. उवासगदसओं सुत्त (उपासकदशा), 8. अंत गड्डदसाओं, 9. अणुत्तरोववाइय दसाओं, 10. पदहावागरणाइ (प्रश्न व्याकरण), 11. विवाग श्रुतम्, 12. दिट्ठिवायू (दृष्टिवाद)।**

उपांग (12) : अग्रलिखित 12 उपांगों में ब्रह्मांड का वर्णन, प्राणियों का वर्गीकरण, खगोल विद्या, काल विभाजन, मरणोत्तर जीवन का वर्णन आदि प्राप्त होते हैं। 12 उपांगों के नाम निम्नवत हैं—

1. औपपातिक 2. राजप्रश्नीय 3. जीवाभिगम, 4. प्रजापना, 5.जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति, 6. चंद्र प्रज्ञप्ति, 7. सूर्य प्रज्ञप्ति, 8. निरयावलि, 9.कल्पावसंतिका 10. पुष्पिका 11. पुष्प चूलिका 12. वृष्णि दशा।

प्रकीर्ण (10) : ये प्रमुख ग्रंथों के परिशिष्ट हैं—

1. चतुः शरण 2. आतुर प्रत्याख्यान 3. भक्तिपरिज्ञा 4. संस्तार 5. तंदुल वैतालिक 6. चंद्रवैध्यक 7. गणिविद्या, 8. देवेन्द्रस्तव 9. वीरस्तव 10. महाप्रत्याख्यान।

छेदसूत्र (6)— इनकी संख्या 6 है। इनमें जैन भिक्षुओं के लिए उपयोगी विधि नियमों का संकलन है। इसका महत्त्व बौद्धों के विनयपिटक जैसा है। 6 छेदसूत्र इस प्रकार हैं—

1. निशीथ 2. महानिशीथ 3. व्यवहार 4. आचार दशा 5. कल्प 6. पंचकल्प।

मूलसूत्र : इसमें जैनधर्म के उपदेश, भिक्षुओं के कर्त्तव्य, विहार जीवन पथ नियम आदि का वर्णन है। इनकी संख्या चार हैं- ***उत्तराध्ययन, षडावशयक, दशवैकालिक, पिण्डनिर्युक्ति या पाक्षिक सूत्र।***

नान्दी सूत्र एवं अनुयोग द्वार : ये जैनियों के स्वतंत्र ग्रंथ तथा विश्वकोश हैं। इसमें भिक्षुओं द्वारा व्यवहार की जाने वाली प्राय: सभी बातें लिखी गयी हैं।

उपर्युक्त सभी ग्रंथ **श्वेताम्बर सम्प्रदाय** के जैनों के लिए हैं। **दिगम्बर सम्प्रदाय** के मतावलम्बी इन्हें प्रामाणिक नहीं मानते हैं, श्वेताम्बर अनुश्रति के अनुसार महावीर की मृत्यु के 140 वर्ष बाद **वलभी** (गुजरात) में देवर्द्धि **क्षमाश्रमण** की अध्यक्षता में एक सभा हुई, जिसमें धार्मिक साहित्य को संकलित किया गया। इसके बाद हुई **पाटलिपुत्र सभा** (द्वितीय) में भी कुछ ग्रंथों का संकलन हुआ। दिगम्बर मतावलम्बी भद्रबाहु की शिक्षाओं को ही प्रामाणिक मानते हैं।

बुद्ध के उपदेशों में उल्लिखित महत्वपूर्ण तथ्य

कर्म-सिद्धान्त महात्मा बुद्ध ने अपने उपदेशों में कर्म सिद्धान्त पर बहुत बल दिया है। वर्तमान का निर्णय भूतकाल में कार्य करते हैं।

पुनर्जन्म महात्मा बुद्ध ने प्रत्येक व्यक्ति को अपने भाग्य का निर्माता माना है। उनका कहना था कि अपने पूर्व कर्मों का फल भोगने के लिए मानव को बार-बार संसार में जन्म लेना पड़ता है।

मोक्ष (निर्वाण) बुद्ध ने बताया कि निर्वाण की प्राप्ति प्रत्येक मनुष्य के जीवन का अन्तिम लक्ष्य है। इससे उनका तात्पर्य यह था कि मनुष्य को सांसारिक इच्छा, भोग-लिप्सा का परित्याग कर देना चाहिए। महात्मा बुद्ध ने इसे शान्ति की वह अवस्था मानी है, जो कभी भंग नहीं होती।

ईश्वर बुद्ध ने ईश्वर के अस्तित्व को न स्वीकार किया है और न उसे नकारा ही है। ईश्वर के अस्तित्व की उलझन में वे नहीं पड़े।

वेद महात्मा बुद्ध ने वेदों की प्रामाणिकता को स्पष्ट रूप से नकारा है।

समानता महात्मा बुद्ध समाज में ऊँच-नीच के कट्टर विरोधी थे। उनके शिष्यों में सभी वर्णों के लोग थे और वे सब समान आदर की दृष्टि से देखे जाते थे। इसी कारण बौद्ध-धर्म को लोकतन्त्रात्मक धर्म भी कहा गया है।

बुद्धकालीन शब्दावली

- **चन्न** सारथी जो सिद्धार्थ के निष्क्रमण में सहयोगी था।
- **महाभिनिष्क्रमण** राजकुमार का गृह-त्याग
- **कंथक** सिद्धार्थ का प्रिय अश्व
- **उद्रक रामपुत्र** आलार कलाम के उपरान्त महात्मा बुद्ध ने उद्रक रामपुत्र को अपना गुरु स्वीकार किया।
- **सुजाता** ज्ञान प्राप्ति के उपरान्त महात्मा बुद्ध ने इस कन्या के हाथों भोजन ग्रहण किया था।
- **मार** कामदेव जिसने सिद्धार्थ की समाधि भंग कराने का प्रयास किया।
- **चुन्द** इसके द्वारा अर्पित भोजन (सुअर का मांस) ग्रहण करने के उपरान्त महात्मा बुद्ध महापरिनिर्वाण को प्राप्त हुए।
- **महापरिनिर्वाण** बौद्ध साहित्य में महात्मा बुद्ध के स्वर्ग सिधारने को महापरिनिर्वाण कहा गया है।

बौद्ध महासंगीतियां

प्रथम बौद्ध संगीति

समय	**483 ई० पू०**
स्थल	सप्तपर्णि गुफा (राजगृह, बिहार)
तत्कालीन शासक (मगध)	अजातशत्रु (हर्यक वंश)
संगीति अध्यक्ष	महाकस्सप

प्रमुख कार्य : बुद्ध की शिक्षाओं को संकलित कर उन्हें सुत्तपिटक (धर्म सिद्धांत) तथा विनय पिटक (आचार नियम) नामक दो पिटकों में विभाजित किया गया। आनन्द और उपालि क्रमश: धर्म व विनय के प्रमाण माने गये।

द्वितीय बौद्ध संगीति

समय	**383 ई०पू०** (बुद्ध के निर्वाण के सौ वर्ष बाद)
स्थल	चुल्लबग्ग, वैशाली (बिहार)
शासक (राज्यकाल)	कालाशोक (शिशुनाग वंश)
संगीति अध्यक्ष	यश नामक आचार्य

प्रमुख कार्य : पूर्वी भिक्षुओं (वज्जि पुत्र) ओर पश्चिमी भिक्षुओं के मध्य विनय सम्बन्धी नियमों को लेकर मतभेद होने के कारण भिक्षु संघ दो सम्प्रदायों (1) **स्थविर** (थेरवादी), (2) **महासांघिक** (सर्वास्तिवादी) में विभाजित।

थेरवादी : 'महाकच्चायन' के नेतृत्व वाले इस सम्प्रदाय ने परिवर्तन के परम्परागत विनय के नियम में आस्था रखी।

महासांघिक : 'महाकस्सप' के नेतृत्व में इस सम्प्रदाय ने परिवर्तन के साथ विनय के नियमों को स्वीकार किया। कालान्तर में उक्त दोनों सम्प्रदाय 18 उप-सम्प्रदायों में बंट गये।

तृतीय बौद्ध संगीति

समय	**250 ई० पू०**
स्थल	पाटलिपुत्र (तत्कालीन मगध की राजधानी)
शासक	अशोक (मौर्य वंश)
संगीति अध्यक्ष	मोग्गलिपुत्त तिस्स

प्रमुख कार्य : 1. तृतीय पिटक **'अभिधम्म'** (कथावत्थु) का संकलन जिसमें धर्म सिद्धांत की दार्शनिक व्याख्या की गयी है। 2. संघ भेद रोकने के लिए कठोर नियमों का निर्माण तथा बौद्ध साहित्य का प्रामाणिकीकरण। इस संगीति पर थेरवादियों का प्रभुत्व था।

चतुर्थ बौद्ध संगीति

समय	**प्रथम शताब्दी ईस्वी**
स्थल	कुण्डलवन (कश्मीर)
शासक	कनिष्क
संगीति अध्यक्ष	वसुमित्र
उपाध्यक्ष	अश्वघोष

प्रमुख कार्य : (महासांघिकों का बोलबाला) बौद्ध ग्रंथों के कठिन अंशों पर संस्कृत भाषा में विचार-विमर्श के पश्चात् उन्हें **'विभाषाशास्त्र'** नामक टीकाओं में संकलित किया गया। इसी समय बौद्ध धर्म हीनयान तथा महायान नामक दो स्पष्ट व स्वतंत्र सम्प्रदायों में विभक्त हो गया।

बौद्ध सम्प्रदायों (हीनयान व महायान) में अंतर

	हीनयान	महायान
1.	हीनयान सम्प्रदाय के लोग महात्मा बुद्ध को केवल एक महान व्यक्ति के रूप में मानते हैं।	महायानी महात्मा बुद्ध की देव तुल्य उपासना करते हैं।
2.	इस सम्प्रदाय के लोग बोधिसत्वों में विश्वास नहीं करते।	महायान सम्प्रदाय के लोग बोधिसत्वों को मानते हैं।
3.	हीनयान सम्प्रदाय के लोग मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं करते।	महायानी महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के रूप में उपासना करते हैं।
4.	इस सम्प्रदाय के लोग केवल अपने निर्वाण की चिन्ता करते हैं।	महायानी अपने साथ अपने साथियों के निर्वाण की भी चिन्ता करते हैं।
5.	अच्छे कर्म करने से ही मोक्ष संभव है।	महात्मा बुद्ध की उपासना से मोक्ष संभव है।
6.	हीनयान सम्प्रदाय के धार्मिक ग्रन्थ पालि भाषा में है।	महायान सम्प्रदाय के धार्मिक ग्रन्थ संस्कृत भाषा में उपलब्ध है।
7.	इस सम्प्रदाय का प्रभाव एशिया के दक्षिण-पूर्वी देशों में अधिक है।	महायान सम्प्रदाय का प्रभाव एशिया के उत्तरी-पूर्वी देशों में दृष्टव्य है।
8.	हीनयान सम्प्रदाय का सम्बन्ध आदर्श की शुद्धता से है।	महायान सम्प्रदाय के लोग आदर्श की उपयोगिता में विश्वास करते हैं।
9.	हीनयान सम्प्रदाय प्रधानतः दार्शनिक है।	महायान सम्प्रदाय शुद्धतः धार्मिक सम्प्रदाय है।
10.	हीनयान-में निर्वाण प्राप्ति के लिए भिक्षु बनना आवश्यक है।	इस सम्प्रदाय में निर्वाण के लिए भिक्षु बनना आवश्यक नहीं।

बौद्ध साहित्य

गौतम बुद्ध के बाद उनकी शिक्षाओं को विभिन्न बौद्ध संगीतियों के निर्वाण (सभाओं) में संकलित कर तीन **पिटकों** (पिटारियों) में विभाजित किया गया—

1. **विनय पिटक** 2. **सुत्त पिटक** 3. **अभिधम्म पिटक**।

इन्हें सम्मिलित रूप में '***त्रिपिटक***' की संज्ञा दी गयी। त्रिपिटक ***पालि भाषा*** में रचित है।

1. विनय पिटक—इसमें संघ सम्बंधी नियमों, दैनिक आचार-विचार व विधि-निषेधों का संग्रह है, जिसके निम्न भाग हैं—

(क) **पातिमोक्ख (प्रतिमोक्ष)** : इसमें अनुशासन सम्बन्धी विधानों तथा उनके उल्लंघन पर किए जाने वाले प्रायश्चितों का संकलन है।

(ख) **सुत्तविभंङ्ग** : इसमें पातिमोक्ख के नियमों पर भाष्य प्रस्तुत किए गये हैं। इसके दो भाग हैं—

(i) **महाविभंङ्ग** तथा (ii) **भिक्खुनी विभंङ्ग**। प्रथम में बौद्ध भिक्षुओं तथा द्वितीय में भिक्षुणियों हेतु विधि निषेध वर्णित हैं।

(ग) **खन्धक** : इसमें संघीय जीवन सम्बन्धी विधि निषेधों का विस्तृत वर्णन है, जिसके-**महावग्ग** और **चुल्लवग्ग**-नामक दो भाग हैं।

(घ) **परिवार**

2. सुत्त पिटक : इसमें बौद्धधर्म के सिद्धांत तथा उपदेशों का संग्रह हैं। इसमें पांच निकाय आते हैं—

दीघ्य निकाय, मज्झिम निकाय, संयुक्त निकाय, अंगुत्तर निकाय तथा खुद्दक निकाय। प्रथम चार में बुद्ध के उपदेश वार्त्तालाप रूप में दिये गये हैं और पाँचवां पद्यात्मक है। खुद्दक निकाय में कई ग्रंथ आते हैं, जैसे—**खुद्दक पाठ, धम्मपद, उदान सुत्तनिपात, विमान वत्थु, पंतवत्थु थेरगाथा, थेरीगाथा एवं जातक** आदि। जातकों में बुद्ध के पूर्व जन्मों (505) की कहानियाँ संग्रहीत हैं।

3. अभिधम्म पिटक : यह पिटक प्रश्नोत्तर क्रम में है और इसमें दार्शनिक सिद्धांतों का संग्रह है। इसमें सात ग्रंथ सम्मिलित हैं—**धम्मसंगणि, विभंग, धातुकथा, पुग्गल पंचति, कथावत्थु, यमक तथा पट्ठानं**। अभिधम्म पिटक सबसे बाद की रचना है, जो मौर्य सम्राट अशोक के काल में आयोजित **तृतीय बौद्ध संगीति** में संकलित की गयी।

त्रिपिटकों के अतिरिक्त पालि भाषा में लिखित अन्य बौद्ध ग्रंथों में **नागसेन कृत 'मिलिन्दपन्हो'** तथा **सिंहली अनुश्रुतियाँ**—दीपवंश व महावंश (सिंहल या लंका का इतिहास) उल्लेखनीय हैं।

